रविवार
24 दिसंबर 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



रणक्षेत्र बना वीर कुंवर सिंह विवि, छात्रों के बवाल पर पुलिस का लाठीचार्ज 2



### किसान सम्मान दिवस पर बोले उप्र के सीएम योगी

# किसानों के परिश्रम से बढ़ा यूपी का सम्मान

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का किया सम्मान
- सीएम ने किसान मित्र एआई ऐप का किया शुभारंभ



**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां किसानों का सम्मान होता है। उनके परिश्रम व पुरुषार्थ के सामने शासन नतमस्तक होकर सम्मान देता है। आपका परिश्रम व पुरुषार्थ न केवल यूपी का सम्मान बढ़ा रहा है, बल्कि विकास यात्रा का हिस्सा बनकर यूपी को देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है। आपके परिश्रम का परिणाम है कि हमने कृषि विकास की दर को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। पीएम के विजन के अनुरूप आने वाले समय में प्रदेश को 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो वर्तमान की विकास दर को इससे तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लोकभवन में ये बातें कहीं। सीएम ने यहां किसान मित्र एआई ऐप का शुभारंभ किया और कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म दिखाई गई। सीएम ने किसानों की यशगाथा विकास यात्रा पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी चर्चा की।

## योगी बोले... चौधरी साहब कहते थे कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकते

सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अच्छे प्रशासक व महान किसान नेता थे। उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई लॉ से की थी, लेकिन किसान व कृषि पृष्ठभूमि के कारण उनकी स्पष्ट राय थी। उन्होंने कहा कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत वर्ष की समृद्धि का मार्ग खेत-खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सबसे बड़े लोकतंत्र का आधार है। चौधरी चरण सिंह ने अनेक कार्यों के जरिए अपने समय में किसानों के जीवन में बदलाव के अभियान को बढ़ाया था।

**पहली बार किसानों ने महसूस किया कि वे किसी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं :** सीएम योगी ने कहा कि साढ़े 9 वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। पहली बार अन्नदाता किसानों ने महसूस किया कि वे भी किसी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएम किसान फसल बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लागत का डेढ़ गुना दाम एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के जीवन में परिवर्तन किया गया। अब तक इसकी 15 किस्त किसानों के पास पहुंच चुकी है। सिर्फ यूपी में ही 2.61 करोड़ किसानों के खाते में 60 हजार करोड़ से अधिक की राशि पहुंच चुकी है।

**अब स्मार्ट फोन से शांत होगी किसानों की जिज्ञासा :** सीएम ने कहा कि अभी हमने एक अप्लीकेशन लांच किया है। ऐप के माध्यम से एआई का उपयोग किसान मित्र के रूप में कैसे किया जा सकता। अब किसानों की हर जिज्ञासा का जवाब स्मार्ट फोन से प्राप्त हो जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। कुछ समय बाद दो करोड़ ड्रोन दीदी तैयार होनी है। ड्रोन के माध्यम से अब एक घंटे में सौ एकड़ खेती में दवा, खाद, पेस्टिसाइड का छिड़काव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एफपीओ के क्षेत्र में सामूहिक रूप से मिलकर खेतीबाड़ी व फूड प्रोसेसिंग की प्रक्रिया से जुड़कर भी कई गुना मुनाफा कमा सकते हैं। वेयर हाउस के बारे में सीएम ने कहा कि यदि मार्केट में दाम कम है तो जब दाम अच्छा मिले तो गोदाम से उपज निकालकर उपलब्ध कराएं।

# दलाई लामा ने विश्व शांति के लिए महाबोधि मंदिर में की विशेष पूजा

- विशेष पूजा में 35 देशों के बौद्ध श्रद्धालुओं ने की शिरकत
- विशेष प्रार्थना में बुद्धम शरणम गच्छामि से मंदिर परिसर हुआ गुंजायमान





**केटी न्यूज/गया**

विश्व शांति को लेकर बिहार के बोधगया में महाबोधि मंदिर स्थित स्तूपा के पास बोधि वृक्ष के नीचे विशेष प्रार्थना की गई। इसमें बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के सानिध्य में 35 देशों के बौद्ध धर्म के विद्वान और बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। शनिवार की सुबह में विश्व की शांति को लेकर विशेष प्रार्थना शुरू हुई। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा सुबह के करीब 8:00 बजे अपने प्रवास स्थल बोधगया के तिब्बती मंदिर से निकले और महाबोधि मंदिर को रवाना हुए। इसके बाद वहां विश्व शांति की प्रार्थना शुरू हुई। तकरीबन एक घंटे से अधिक समय तक विश्व शांति की कामना को लेकर प्रार्थना की गई। विशेष प्रार्थना में बुद्धम शरणम्‌ गच्छामि से मंदिर परिसर गुंजायमान हुआ. विश्व शांति की प्रार्थना 14वें बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के सान्निध्य में बौद्ध विद्वानों एवं श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने देश की भाषाओं में की गई। भारतीय भाषा के साथ विश्व शांति की कामना की प्रार्थना शुरू हुई। इसके बाद श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, कंबोडिया, ताइवान, कोरिया, वियतनाम, तिब्बत जापान आदि देशों की भाषाओं में विश्व शांति की प्रार्थना की गई।

तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा 15 दिसंबर 2023 को बोधगया पहुंचे थे और तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा का बोधगया मैं तिब्बत मंदिर में प्रवास स्थल है तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा का बोधगया में 26 दिनों के प्रवास पर आये हुए है इस दौरान तिब्बती मंदिर से लेकर महाबोधि मंदिर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बौद्ध भिक्षुयो ने बताया कि धर्म गुरु दलाई लामा ने महाबोधि मंदिर के बोधि वृक्ष के नीचे विश्वशांति के लिए विशेष पूजा किया है जिसमे अलग अलग देश के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए है वंही दलाई लामा ने कहा कि भगवान बुद्ध की उपदेशों का पालन करे हम भी जो उपदेश देते हं उसको भी हम पालन करते हैं।

## तीन साल से एक ही जगह जमे एसपी और डीएम का होगा तबादला

**पटना।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले ही निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। इसमें आयोग ने राज्य सरकारों को अपने गृह राज्यों में तैनात अधिकारियों और लंबे समय से एक ही खास स्थान पर नियुक्त अधिकारियों का तबादला करने का निर्देश दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि चुनाव से सीधे तौर पर जुड़ा कोई अधिकारी यदि अपने गृह जिले में तैनात है, तो उसे वहां बने रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

चुनाव आयोग ने यह भी लिखा है कि इसके अलावा, यदि किसी अधिकारी ने पिछले चार वर्ष के दौरान किसी जिले में तीन साल पूरे कर लिए हैं या वह अगले साल 30 जून को या उससे पहले तीन साल पूरे कर लेगा तो उसे भी स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

# लोस चुनाव में जदयू को नहीं मिलेगी एक भी सीट: चिराग

**केटी न्यूज/नालंदा**



बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट का विजन लेकर सूबे के अलग-अलग इलाकों में सभा कर रहे चिराग पासवान शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले में पहुंचे थे। नालंदा के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के द्वारा पार्टी विस्तार सह जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चिराग पासवान ने हिस्सा लिया। ऐसे में चिराग को सुनने के लिए भारी संख्या में जनता सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम पहुंची। जहां चिराग पासवान ने कहा कि - बिहार में शिक्षा, स्वाथ्य, अपराध और तमाम गलत चीजों का जिम्मेदार कौन है इसका जवाब यह जनता देगी। उसके बाद लोगों ने एक सूर में नीतीश कुमार का नाम लिया।

चिराग पासवान ने कहा कि- जिस तरीके से विपक्ष एक रणनीति के तहत संसद को नहीं चलने दिया और जिस तरीके से संसद की गतिविधियों को बाधित किया। उससे मालूम चलता है की इन्हें देश की जनता से कोई मतलब नहीं है। इनको मालूम होना चाहिए कि क्षेत्र की जनता इनको संसद में तख्तियां दिखाने के लिए नहीं चुनती है।

चिराग ने कहा की विपक्ष की इन्हीं हरकतों की वजह से 2014 में कम सांसद चुनकर विपक्ष में आए। उसके बाद अगले चुनाव में यह संख्या भी कम हुई और इस बार के चुनाव में पहले से भी कम सांसद इनके चुनकर आएंगे। आज की तारीख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जो जनता का विश्वास है। उन्होंने कहा कि, जब बिहार में 40 की 40 सीटें जीतने की बात हम लोग करते हैं तो ऐसे में नालंदा लोकसभा जो मेरे मुख्यमंत्री का गृह जिला है। जिस पर मेरे मुख्यमंत्री को लगता है कि उनका एक छत्र राज है और यह हकीकत भी है। लेकिन 2014 में अकेले लड़ने के बावजूद मात्र दो सीटों पर सिमट गए थे। उस वक्त भी नालंदा जीते थे। 2019 में तो जीते ही थे वो गठबंधन के सहारे। लेकिन 2024 में कम से कम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना गृह जिला तो नहीं बचा पाएंगे और यह हम नहीं कह रहे हैं। आगामी लोकसभा में जनता दल यूनाइटेड के एक भी सांसद नहीं जीतेगी। यह दावे के साथ मैं कह रहा हूं।

## मनीष कश्यप 9 महीने बाद रिहा जेल से बाहर आते निकले आंसू

**केटी न्यूज/पटना**



तमिलनाडु में बिहार के लोगों के साथ हिंसा का कथित फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोपी यूट्यूबर मनीष कश्यप की शनिवार को जेल से रिहाई हो गई। पटना हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया था। पटना बेऊर में रिहाई के लिए आवश्यक कागजात मिल जाने के बाद शनिवार दोपहर करीब सवा 12 बजे वे जेल से बाहर आ गए। जेल से बाहर निकलने पर उनके समर्थकों ने फूल-माला पहना कर स्वागत किया। बेऊर जेल के बाहर बड़ी संख्या में मनीष कश्यप के समर्थक पहुंचे थे।


मनीष कश्यप के जेल से बाहर आने पर उनके प्रशंसक काफी खुश नजर आए। मनीष कश्यप एक खुले वाहन में बैठ कर काफिले के साथ निकले। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए उनके समर्थक मनीष कश्यप से हाथ मिलाने और माला पहनाने को लेकर बेताब दिखे। मनीष कश्यप पूरे 9 महीने बाद जेल से रिहा हुए।

## मोदी की भाजपा नेताओं को नसीहत... युवा, गरीब, महिलाओं और किसानों को ध्यान में रख करें काम

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा पदाधिकारियों से कहा कि युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों को ध्यान में रखते हुए काम किया जाना चाहिए। साथ ही पीएम मोदी ने सभी पदाधिकारियों से मिशन मोड में काम करने को कहा। बैठक में पदाधिकारियों को सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त करने और गरीबों के लिए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अधिक डेटा साझा करने के लिए कहा गया। पीएम ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा किये जा रहे नकारात्मक प्रचार का तथ्यों के साथ सकारात्मक जवाब दें। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बैठक में पहला विषय रखा कि लोकसभा चुनाव में 10 फीसदी वोट बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर काम करना होगा। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने के लिए बूथ प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बूथ प्रबंधन का उदाहरण दिया और कहा कि पार्टी पदाधिकारी बूथ प्रबंधन को चुनौती के रूप में लें। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती से ही जीत हासिल होती है, इसलिए हमें पूरी तरह तैयार होकर ही लोगों के बीच जाना होगा। बाद में नड्डा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भाजपा देश के मुख्य आधार युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाकर विकसित भारत के निर्माण की राह पर आगे बढ़ रही है।




### सभी नगरीय निकायों में रैन बसेरा, शेल्टर होम्स के संचालन का दिया गया आदेश

# सीएम योगी की पहल... सर्द रातों में कोई नहीं सोएगा खुले में

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



सर्द रातों में उत्तर प्रदेश में कोई भी खुले आसमान में न सोने पाए, इसको लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद स्थानीय निकाय निदेशालय ने नगरीय निकायों में अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को निकायों में निराश्रित एवं दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों के ठहरने, रुकने के लिए सुरक्षित स्थान प्रदान किए जाने और रैन बसेरों व शेल्टर होम्स के संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। निदेशक डॉ नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सभी नगरीय निकायों में रैन बसेरों/शेल्टर होम्स को मिशन मोड में सक्रिय किया जाए।

निर्देशों में रैन बसेरों/शेल्टर होम्स के संचालन के विषय में कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अनुसार, समस्त चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेज, बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, श्रमिकों के कार्य स्थलों एवं बाजारों में अनिवार्य रूप से रैन बसेरे/शेल्टर होम्स संचालित किए जाएं। आवश्यकतानुसार नए अस्थाई रैन बसेरों का निर्माण भी किया जा सकता है। इसके लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विकास प्राधिकरण आदि द्वारा भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए। रैन बसेरा/शेल्टर होम्स में ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों जिनके पास ठहरने की सुविधा नहीं है, उन्हें रहने की सुविधा दी जाए।

## महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग हो व्यवस्था

दिशा निदेर्शों में बताया गया कि रैन बसेरा/शेल्टर होम्स में रुकने वाले व्यक्तियों को ठंड से बचाने एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समस्त उपाय (साफ-सफाई, स्वच्छ बेड शीट, कंबल, गरम पानी, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सीसीटीवी आदि का प्रबंध किया जाए। बेड शीट, कंबल इत्यादि की सफाई और धुलाई नियमित रूप से की जाए। रैन बसेरा/शेल्टर होम्स में महिलाओं और पुरुषों के सोने व शौचालत आदि की व्यवस्था अलग-अलग की जाए। जिला प्रशासन के सहयोग से प्रत्येक जरूरतमंद निर्धन व्यक्ति को कंबल आदि उपलब्ध कराए जाएं। समस्त रैन बसेरों में केयर टेकर भी तैनात किए जाएं, जिसका नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर रैन बसेरों के गेट पर अवश्य दशार्या जाए। प्रत्येक रैन बसेरे के लिए एक उपयुक्त वरिष्ठता का नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जिस पर रैन बसेरे के संचालन का उत्तरदायित्व होगा।

**रात में रैन बसेरों का होगा औचक निरीक्षण :** रात में जनपद, निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया जाए। रैन बसेरों के केयर टेकर के पास निरीक्षण रजिस्टर भी रखा जाए जिसमें निरीक्षण अधिकारी अपनी टिप्पणी भी अंकित करें। शीतलहर एवं ठंड से बचाव कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। मीडिया आदि के माध्यम से इससे संबंधित सूचनाएं प्रसारित कराई जाएं, ताकि शासन द्वारा जनसामान्य को ठंड से बचाव के लिए किए जा रहे व्यापक उपायों की जानकारी हो सके। रैन बसेरा के संचालन के विषयगत सिविल सेवा संगठन, सिविल डिफेंस, विद्यालयों, सोसाइटी इत्यादि का भी परस्पर सहयोग लिया जाए। शीत ऋतु के दृष्टिगत मुख्य बाजार के चौराहों पर अस्पताल, बस स्टेशन, रेल स्टेशन इत्यादि स्थलों पर नियमानुसार अलाव की व्यवस्था की जाए।

CMYK

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 24 दिसंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### मामूली विवाद में दोस्त को घोंपा चाकू

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव में शनिवार के दोपहर हंसी-मजाक के दौरान मामूली विवाद में एक युवक ने अपने दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। उसने दोस्त के पेट में ताबड़तोड़ चार जगहों पर चाकू घोंप दिया। उसमें उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी नथमलपुर गांव निवासी मटादिन सिंह का 18 वर्षीय पुत्र नंदन कुमार सिंह है। चाकू मारने का आरोप गांव के ही बूटी सिंह नामक युवक पर लगा है। घटना के बाद गांव में सनसनी मच गयी। नंदन कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह गांव में ही अपने कुछ उन साथियों के साथ खड़ा था। तभी उसका दोस्त बूटी सिंह भी आ गया और उनके बीच हंसी-मजाक होने लगी। उसी दौरान उसके दोस्त बूटी ने उसे पेट में चाकू मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। उसने बूटी पर हंसी-मजाक के दौरान उपजे विवाद में चाकू मारने का आरोप लगाया है।

### संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत

**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के पूर्व ओवर ब्रिज के नीचे शनिवार की सुबह संदिग्ध स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। उसे ठंड लगने की आशंका जताई जा रही है। मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर रेल पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके बाद पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों की छानबीन में जुट गई है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ व्यक्ति की मौत

**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिम साइड अप लाइन पर शनिवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। रेल पुलिस के अनुसार अधेड़ ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण मौत होना प्रतीत होता है।







### सीनेट की बैठक का विरोध और यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़ पर एक्शन में आई पुलिस

# रणक्षेत्र बना वीर कुंवर सिंह विवि, छात्रों के बवाल पर पुलिस का लाठीचार्ज, कई घायल

- राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अवर्लेकर सीनेट की बैठक में हुए शामिल
- छात्रों की समस्या व अन्य मांग को लेकर छात्र संगठनों ने राज्यपाल का घेराव करते हुए किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/आरा**

आरा में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की सीनेट बैठक का विरोध कर रहे छात्रों पर पुलिस ने जमकर लाठियां बरसाईं। इसमें कई छात्रों को चोटें आई हैं। दरअसल यूनिवर्सिटी की बैठक में हिस्सा लेने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अवर्लेकर आए थे जिसके बाद छात्रों की समस्याओं को लेकर छात्र संगठनों ने राज्यपाल का घेराव करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। बैठक का विरोध कर रहे छात्र यूनिवर्सिटी का गेट तोड़कर अंदर घुसना चाहते थे, इसी दौरान हंगामा कर रहे छात्रों ने यूनिवर्सिटी का गेट तोड़ दिया।

इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज करना शुरू कर दिया। इससे छात्र गेट छोड़कर भागने लगे। हालांकि उसके बाद भी छात्र अपना प्रदर्शन जारी रखे। छात्र नेता अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन करते रहे। इसमें राजद, एबीवीपी के कार्यकर्ता आदि शामिल रहे। छात्रों का विरोध प्रदर्शन देख वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी छात्रों से बात करने के लिए भी पहुंचे। लेकिन छात्रों ने उनकी भी बात नहीं मानी। उपद्रव बढ़ता देख व छात्रों को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। इस दौरान छात्र नेताओं द्वारा गेट तोड़ अंदर जाने का भी प्रयास किया जाने लगा। वहां सुरक्षा में मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें कई बार इसके लिए मना किया गया। लेकिन वे नहीं माने। जिसके बाद पुलिसकर्मियों द्वारा छात्र नेताओं पर लाठी चार्ज कर दिया गया। जिसमें लाठी चार्ज के दौरान अखिल भारतीय परिषद के छात्र नेता सहित करीब एक दर्जन छात्र जख्मी हो गए। इसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग निवासी रौशन पाठक का पुत्र शौर्य पाठक,के.जी.रोड निवासी ऋतुराज चौधरी, पकड़ी निवासी चंदन कुमार,चंदवा हाउसिंग नगर निवासी आकाश पांडेय,करमन टोला निवासी संस्कार मिश्रा,टाउन थाना क्षेत्र के महादेवा निवासी समीर सिंह, गांगी निवासी आदर्श सिंह,छोटू सिंह,बाबू बाजार निवासी हर्ष राज मंगलम,बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया गांव निवासी राजन कुमार एवं बक्सर जिला निवासी राजवर्धन चौबे सहित अन्य शामिल है। लाठी चार्ज के दौरान शौर्य पाठक को सिर पर काफी गंभीर चोटें आई हैं।



### एसपी बोले- मामले की जांच के बाद होगी कार्रवाई

आरा स्थित उदवंतनगर थाना क्षेत्र में स्थित वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी में सीनेट की बैठक में माननीय राज्यपाल बिहार का दौरा था। इसी दौरान विभिन्न समूह के छात्र और उनके साथ कई अन्य लोग सुरक्षा घेरा तोड़कर गेट पर जो पुलिसकर्मी तैनात थे। उस गेट को भी तोड़ दिया और पुलिस वालों के साथ धक्का मुक्की करते हुए अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। इस क्रम में पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों को पहले हटाने की कोशिश की जिसमें कुछ धक्का मुक्की करने लगे। जिससे कि पुलिस को थोड़ा सख्त होकर इन्हें हटाना पड़ा और उसमें भगदड़ मच गई। जिससे एक या दो छात्र को हल्की खरोच आ गई। मामले की पूरी जांच वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा की जा रही है और आगे अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। **-प्रमोद कुमार, एसपी, भोजपुर**

### छात्र संगठनों की ये हैं मांगें

- सभी लंबित परीक्षाएं शीघ्र आयोजित तथा सभी परीक्षाओं का परिणाम अंग पत्र के साथ जारी और परीक्षा परिणाम में हो रही लगातार त्रुटियों को जल्द दूर किया जाए ।
- महाराजा कॉलेज में लॉ की पढ़ाई पुनः शुरू की जाए
- सभी महाविद्यालय में एवं विश्वविद्यालय में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कमी को पूरा किया जाए।
- सभी महाविद्यालय में प्रयोगशाला की उचित व्यवस्था की जाए एवं महाविद्यालय के पुस्तकालय में नए पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तक उपलब्ध कराई जाए
- सभी टैग महाविद्यालयों से स्नातक पास की हुई छात्राओं को कन्या उत्थान की राशि मिलने में हो रही परेशानियों को जल्द दूर किया जाए।
- स्नातक सत्र 2023झ27 के छात्राओं को नामांकन शुल्क जल वापस किया जाए ।
- सभी महाविद्यालय में एक समान नामांकन एवं परीक्षा शुल्क लागू हो।

### प्रदर्शन के दौरान छात्रा पर लाठी चटकाने में थानाध्यक्ष से शोकॉज

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शनिवार को सीनेट की बैठक के दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर लाठी चटकाने में उदवंतनगर थानाध्यक्ष बुरी तरह फंस गये हैं। उन पर निलंबन की तलवार लटक रही है। उसे लेकर उनसे शोकॉज किया गया है। संतोष जनक जबाव नहीं देने पर उन्हें सस्पेंड किया जा सकता है। विभागीय कार्रवाई भी शुरू की जा रही है। प्रदर्शन कर रही एक छात्रा पर लाठी चटकाने के मामले में उनसे शो कॉज किया गया है। छात्रा पर लाठी भांजने का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी की ओर से यह कार्रवाई की गयी। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई थी। उसमें पहले छात्रों द्वारा गेट तोड़ दिया गया था। उसके बाद पुलिस के द्वारा हल्के बल प्रयोग के क्रम में कुछ छात्रों को चोट आयी थी। एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उदवंतनगर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार द्वारा प्रदर्शन कर रही एक लड़की पर लाठी चलते देखा जा रहा है। उसे गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष को शोकॉज करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई आरंभ की जा रही है। सारे स्थिति की पुष्टि करने के साथ थानाध्यक्ष को निलंबित भी किया जा सकता है। बैठक का विरोध करने और उपद्रव करनेवालों को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज की घटना की हर तरह निंदा हो रही है।

## एक नजर

### जहानाबाद में जमीनी विवाद को लेकर भांजा ने मामा पर चलाई गोली, बाल-बाल बची जान

**जहानाबाद।** जहानाबाद में जमीनी विवाद में भांजा द्वारा अपने मामा के ऊपर गोली चलाने का मामला सामने आया है। इस घटना में मामा बाल बाल बच गए। घटना नगर थाना क्षेत्र की निजामुद्दीनपुर मोहल्ले की है। शनिवार मोटरसाइकिल पर सवार होकर विपिन कुमार एवं विक्की कुमार मोहल्ले में पहुंचा और अचानक अपने मामा नंदकिशोर प्रसाद पर गोलीबारी करने लगा। नंदकिशोर ने घटनास्थल से भाग कर अपनी जान बचाई। बताया जाता है कि विपिन कुमार एवं नंदकिशोर प्रसाद में कुछ दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर कई बार कहा सुनी भी हो चुकी थी लेकिन जमीनी विवाद का निष्पादन नहीं हो रहा था। इसी बात से नंदकिशोर का भांजा आग बबूला हो गया और अपने मामा पर ही गोलीबारी की घटना को अंजाम दे दिया। जैसे ही मोहल्ले में गोलीबारी की घटना हुई अफरा-तफरी माहौल कायम हो गया। इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई जैसे ही अपराधी पुलिस को आते हुए देखा बाइक छोड़कर फरार हो गया, पुलिस घटनास्थल से बाइक को जब्त किया है और मामले की जांच में जुट गई है। नगर थाना अध्यक्ष निखिल कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद की घटना में मारपीट की सूचना मिली है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

### पिक अप चालक से लूटपाट कर भाग रहे एक लुटेरे की सड़क हादसे में मौत, तीन जख्मी

**आरा।** भोजपुर और रोहतास जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में लूटपाट के बाद भाग रहे एक संदिग्ध लुटेरे की सड़क हादसे में मौत। हादसे में उसके तीन अन्य साथी भी जख्मी हो गये। हादसा शुक्रवार की देर रात आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर हसन बाजार स्थित हाई स्कूल के नजदीक हुआ। मृतक रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के लोहरडीह गांव निवासी रविंद्र सिंह उर्फ मुखिया का 20 वर्षीय पुत्र उपेंद्र यादव था। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायल लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से हथियार और लूट के पैसे मिलने की चर्चा है। पुलिस तीनों से गहन पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि चारों अपराधी भोजपुर और रोहतास की सीमा क्षेत्र में एक पिकअप चालक व खलासी से हथियार के बल पर पैसे और मोबाइल लूट कर बाइक से भाग रहे थे। उसी दौरान हसन बाजार स्थित हाई स्कूल के नजदीक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। उसमें एक लुटेरे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य जख्मी हो गए। तभी रात्री गश्ती पर निकली हसन बाजार ओपी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। बताया जा रहा है पुलिस को उनके पास से हथियार मिला। उस आधार पर पुलिस ने मामूली रूप तीनों घायलों को हिरासत में ले लिया। उसके बाद सभी को अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा एक को मृत घोषित कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार मृत और पकड़े गए लुटेरों की कुछ पूर्व रोहतास में लूट की घटना में संलिप्ता की बात सामने आ रही है।

### खेत घूमने जा रहे युवक की करंट लगने से मौत

**आरा।** संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव में शनिवार की शाम करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। खेत घूमने जाने के दौरान युवक रास्ते में टूट कर गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। उससे घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक अखगांव गांव निवासी नंद कुमार राय का 24 वर्षीय पुत्र पवन कुमार राय था। वह मुंबई में प्राइवेट काम करता था। चचेरे भाई विकास कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम पवन खेत घूमने के लिए जा रहा था। रास्ते में बिजली का तार टूट कर गिरा था, जिसमें करंट दौड़ रहा था। खेत में जाने के दौरान वह उसी तार की चपेट में आ गया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### पूर्व मुख्यमंत्री जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का जल्द होगा अनावरण

**औरंगाबाद।** जिला सभागार भवन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर के स्मारक को निरीक्षण करने पहुंचे बिहार के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के सचिव संजय ठाकुर एवं सदस्य तारकेश्वर ठाकुर का नाई समाज के लोगों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान स्मारक के निरीक्षण किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया। सचिव ने बताया कि हम सभी पिछड़े समाज को जागरूक होकर अधिक से अधिक अपने बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षा ही एक ऐसा औजार है जिसके बल पर हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। शिक्षित व्यक्ति ही अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ सकता है एवं राजसता में अपने संख्या के मुताबिक उचित भागीदारी बन सकता है। स्व ठाकुर गरीब परिवार में पैदा लेकर भी एक ऐसे समाजवादी चिंतन के नेता सच्चे और ईमानदार मुख्य मंत्री बिहार के धरती पर उभरे कि सदैव याद करने योग्य है। जो गरीब लाचार लोगो के बच्चो को मैट्रिक तक निशुल्क शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्रदान किया। पूरे आम आवाम को इनके विचारो को अनुकरण करना चाहिए। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जल्द ही मूर्ति का अनावरण करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कपूर्री विचार मंच के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर ने किया । इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद विनोद ठाकुर चंद्रदीप ठाकुर नंदबंसी सेना के जिलाध्यक्ष चंदन मंटू ठाकुर राजू ठाकुर रमेश ठाकुर महामाया ठाकुर रामकुमार ठाकुर उत्तम देवी गीता देवी सुधीर ठाकुर सुनील ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

## अंतरराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का उद्भेदन, ट्राली के साथ एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अंतरराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया गया है जिसमें नवीनगर थाना की पुलिस एवं डीआईओ टीम ने संयुक्त कार्रवाई में एक ट्रैक्टर ट्राली के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित रोहतास जिले के अमझोर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिसड़ा गांव निवासी नीतिश कुमार हैं। पूछ-ताछ के क्रम में आरोपित ने गिरोह के दो अन्य सदस्यों की कांड में संलिप्तता स्वीकार किया है जिसमें दोनों की तलाश की जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नाउर गांव निवासी प्रदीप यादव ने 08.12.23 को ट्रैक्टर चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी ट्रैक्टर चोरी कर ली गई है। मामले में कांड के सफल उद्भेदन एवं ट्रैक्टर बरामद करने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया जिसमें डीआईओ प्रभारी राम इकबाल यादव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।




सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खान ने बताया कि अंतरराज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया गया है। मामले में गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है।

## रेकी कर छिनतई और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

रेकी कर छिनतई और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया गया। इस दौरान गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूट का 11 हजार रुपए बरामद कर लिया गया है। पकड़ें गए आरोपियों की पहचान नवादा ज़िले के लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव निवासी छोटू एवं बिहार शरीफ थाना क्षेत्र के भैसापुर गांव निवासी श्याम कुमार के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के पुरानी मुंशी मुहल्ला निवासी जगदीश प्रसाद ऑटो से कहीं जा रहे थे जिनका इन दोनों आरोपियों ने पहले रेकी किया और उस ऑटो में सवार हो गए। इसी क्रम में मौका मिलते ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरी मोड़ के समीप उनसे 11 हजार रुपए की छिनतई कर भागने लगे। मौके पर जब उन्होंने शोर - मचाया तो स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को खदेड़ कर धर दबोचा गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया और आवश्यक पूछ-ताछ की जिसमें रेकी कर छिनतई और लूट विभिन्न मामलों का खुलासा हुआ है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खान ने बताया कि रेकी कर छिनतई और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया गया। इसके साथ ही गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से लूट का 11 हजार रूपए बरामद कर लिया गया है।



### खलिहान में अज्ञात लोगों ने लगाई आग

**औरंगाबाद।** उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर गांव में अज्ञात लोगो ने एक खलिहान में आग लगा दिया। जिससे एक किसान का हजारों का पुआल जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान योगेंद्र चंद्रवंशी ने बताया खलिहान में ट्रैक्टर से धान झड़वाया था उस दौरान पुआल वहीं पर छोड़ दिया। शुक्रवार की शाम किसी ने खलिहान में आग लगा दी।

### सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण को लेकर डीएम ने की बैठक

# विद्यालयों में आधारभूत संरचना के विकास पर दें ध्यान: श्रीकांत शास्त्री

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

शिक्षा विभाग अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में विधान पार्षद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, सदर विधायक आनंद शंकर सिंह, ओबरा एवं गोह के प्रतिनिधि जीवन कुमार, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, पटना के निदेशानुसार सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना के द्वारा सुदृढ़ीकरण हेतु जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त कर विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी राशि की माध्यम से योजनाओं की स्वीकृति पर विचार विमर्श किया गया।



सदर विधायक आनंद शंकर सिंह के द्वारा अवगत कराया गया कि शहर के टाउन इंटर कॉलेज में 1 करोड़ से उपर की राशि खाते में पड़ी हुई जबकि वर्ग कक्ष का अभाव है। आवश्यकतानुसार विद्यालय में निर्माण कार्य कराने का प्रस्ताव रखा गया। डीपीओ, सम्रग शिक्षा के द्वारा अवगत कराया गया कि माध्यमिक विद्यालयों में मरम्मति आदि हेतु कुल 2.27 करोड एवं प्रारंभिक विद्यालयों में मरम्मति आदि हेतु कुल 2.0 करोड़ रुपए की राशि तत्काल विभाग द्वारा स्वीकृत है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सभी विधान सभा क्षेत्रों के आवश्यकता वाले विद्यालयों में उक्त राशि का प्रयोग कर मरम्मति आदि का कार्य कराया जाय। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा निदेश दिया गया कि वैसे उच्च एवं उच्चतर विद्यालय जिनमें 15 लाख से अधिक की राशि पड़ी हुई है एवं उन विद्यालयों में आधारभूत संरचना का अभाव है अथवा उनके पोषक क्षेत्र में अवस्थित प्रारंभिक विद्यालयों में आधारभंत संरचना अथवा मरम्मति आदि के लिए यदि पैसों की आवश्यकता है, तो संबंधित अभियंता से जांच कराकर नियमानुसार राशि का उपयोग सुनिश्चित किया जाय।



# एकतरफा मुकाबले में कोलकाता ने हरियाणा को 10 विकेट से रौंद ट्राफी पर जमाया कब्जा

◆ शहीद रविकांत क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में हरियाणा ने टेका घुटना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहीद रविकांत सिंह आईपीएस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को डुमरांव के ऐतिहासिक राज हाइस्कूल के खेल मैदान में कोलकाता व हरियाणा के टीमों के बीच खेला गया, जिसमें कोलकाता ने अपने गेंदबाजों व बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बदौलत हरियाणा की टीम को दस विकेटों से हराकर लगातार तीन बार इस



ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। एलेवन स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कोलकाता के गेंदबाजों के कसी गेंदबाजी ने हरियाणा की टीम को



20वें ओवर में ही 102 रनों के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। हरियाणा के तरफ से लाला तनवर ने सर्वाधिक 30 रन बनाये। कोलकाता के तरफ से अभिषेक पाठक ने चार व अक्षय तथा दिव्य प्रकाश ने दो-दो विकेट हासिल किये। 103 रनों का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम के बल्लेबाजों ने इस मुकाबले को एक तरफा कर दिया। मात्र सात ओवरों में ही कोलकाता ने इस फाइनल मुकाबले को जीत लिया। कोलकाता के तरफ से अभिषेक ने मात्र 26 गेंदों पर ही 11 गगनचुंबी छक्के व 4 चौकों के बदौलत 83 रन बनाकर हरियाणा को दस विकेटों से हरा दिया। हरियाणा का कोई भी गेंदबाज इस मुकाबले में चल ना सका। कोलकाता की टीम इस ट्रॉफी पर लगातार तीसरी बार कब्जा जमाया। कोलकाता के अभिषेक पाठक को बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन और मैन ऑफ द सीरीज के अवार्ड से नवाजा गया। फाइनल मुकाबले में हाइस्कूल का पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। दर्शक भी अपनी तालियों के आवाज से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। आयोजकों द्वारा मुकाबले की विजेता रही कोलकाता की टीम को 1 लाख 51 हजार व उपविजेता हरियाणा की टीम को 51 हजार का पुरस्कार के साथ ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। मौके पर कनक सिंह, नरेंद्र नाथ ओझा, संजय शर्मा, संजय तिवारी, विवेक कांत, जियाउल हक, कमल चौरसिया, विनोद वर्मा, सर्वेश पांडेय, मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### मलई बराज निर्माण को लेकर किसानों ने निकाली पदयात्रा

**डुमरांव।** सूबे के दो मुख्यमंत्रियों द्वारा डुमरांव अनुमंडल के मलई बराज योजना का शिलान्यास किया गया था लेकिन चार दशक पूरा होने के बाद भी बराज से जुड़े किसानों के खेतों को पानी नही मिला। मलई बराज के अधूरे निर्माण को पूरा कराने की मांग को लेकर समाजवादी किसानों ने पदयात्रा कर अपनी मांग उठायी। किसानों के महानायक पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर किसानों का जत्था शहीद पार्क में पहुंच डुमरांव से नावानगर तक अपनी पदयात्रा कर आवाज बुलंद की। कार्यक्रम का आयोजन नावानगर जिला पार्षद के सदस्य डॉ राजीव यादव एवं समाजवादी विचार मंच सह राजद नेता संतोष मुखिया के नेतृत्व में किया गया। शहीद स्मारक पर अपने संबोधन के दौरान समाजवादी किसानों ने कहा कि वर्ष 1982 में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे और वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2010 में मलई बराज का शिलान्यास कर जल्द ही किसानों का सपना पूरा करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि करोड़ो रुपये खर्च होने के बाद भी मलई बराज निर्माण अधूरा पड़ा है। मौके पर पूर्व सांसद तेजनारायण सिंह, पूर्व विधायक रामाश्रय सिंह, शिक्षक ददन यादव, शमीम मंसूरी, सुदामा प्रसाद, मनोज यादव सहित सैकड़ो किसान शामिल थे।

## बक्सर गोलबंर के पास की घटना, वीडियो वायरल, एसपी ने किया निलंबित

# वर्दी का रौब... नो एंट्री तोड़ने पर महिला सिपाही ने ट्रक चालक को बेरहमी से पीटा

**केटी न्यूज/बक्सर**

कानून का पालन कराने के लिए बक्सर पुलिस अब खुद कानून तोड़ने लगी है। शनिवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो इस बात की तस्दीक कर रही है कि बक्सर पुलिस किस कदर सरेआम कानून हाथ में ले रही है। वायरल वीडियो में एक महिला पुलिसकर्मी वर्दी में एक युवक को बेरहमी से पीट रही है तथा उसे गालियां दे रही है। पीड़ित युवक एक ट्रक चालक है, जिसकी गलती मात्र इतनी है कि शहरी क्षेत्र में नो एंट्री के बावजूद अपनी ट्रक लेकर चला गया। जबकि महिला सिपाही अमृता कुमारी है। हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने तत्काल उक्त महिला सिपाही को निलंबित कर दिया है। बावजूद ट्रक चालकों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार चक्की लक्ष्मण डेरा के भगवान यादव के पुत्र ओमप्रकाश यादव ट्रक चालक है। शनिवार को वह बक्सर गया था तथा गोलंबर से आगे शहर में प्रवेश कर रहा था। यहां बता दें कि बक्सर व डुमरांव नगर परिषद क्षेत्रों में पूरे दिन नो एंट्री लागू है। इस दौरान ट्रक तथा अन्य मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक रहती है। लेकिन चालक को इस बात की जानकारी नहीं थी। इसी दौरान महिला सिपाही अमृता ने उसके वाहन को इशारा से रूकवा गाली गलौज शुरू कर दी।





### बड़ा सवाल... क्या कानून हाथ में ले सकती है पुलिस

बता दें कि पुलिस को काम विधि व्यवस्था का पालन कराना है। इस दौरान गलती करने वालों पर आर्थिक जुमार्ना या संगीन मामलों में उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत करना ही जिम्मेवारी है। सजा देना कोर्ट का काम है। मकिसी भी स्थिति में पुलिस को कानून तोड़ने या उसे हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। लेकिन महिला सिपाही ने इस बात को दरकिनार कर ट्रक चालक को नो एंट्री तोड़ने के जुर्म में सबक सिखाने के लिए खुद कानून को हाथ में ले लिया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पुलिस कानून को हाथ में ले सकती है।

**बोले एसपी:** महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो की जांच कराई जा रही है। दोषी पर कार्रवाई होगी। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। – **मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

चालक ने बताया कि मुझे नो एंट्री की जानकारी नहीं है तथा मैं अपने वाहन को बैक कर ले रहा हूं। लेकिन गाली गलौज से ही उक्त महिला सिपाही का गुस्सा कम नहीं हुआ बल्कि वर्दी का रौब उनके सर चढ़ बोलने लगा। सिपाही ने ट्रक चालक को सिपहियों के द्वारा नीचे उतरवा लात घुसों व डंडे से पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान भीड़ में मौजूद किसी ने इसका वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### नगर भवन पार्क में दो गुटों में हिंसक झड़प, हवाई फायरिंग पिस्टल व तीन गोली बरामद

**बक्सर।** शनिवार को अपराह्न बक्सर के नगर भवन पार्क में दो गुटों में हिंसक झड़प हो गया। इस दौरान एक पक्ष के एक युवक ने पिस्टल से तीन राउंड फायरिंग भी किया। जिससे भगदड़ मच गई। वही फायरिंग कर भागने के दौरान उसका पिस्टल भी वही पर गिर गया। जिसे दूसरे पक्ष के युवक ने बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। पिस्टल में तीन गोली बची थी। गोली चलाने का आरोप एक छात्र नेता पर लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि इस मामले में अभी किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। जबकि घटना स्थल पर सदर एसडीपीओ धीरज कुमार, नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार व डीआईयू की टीम पहुंची थी। मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। वैसे घटना के संबंध में बताया जाता है कि तीन दिन पहले भी दोनों गुटों में विवाद हुआ था। उसी के प्रतिशोध में आज की घटना को अंजाम दिया गया है। हवाई फायरिंग का आरोप रवि यादव नामक छात्र नेता पर लगा है। हालांकि पुलिस अभी इसकी पुष्टि नहीं कर रही है और न ही दूसरे पक्ष ने शिकायत ही दर्ज कराई है।

## एक नजर

### क्षत्रिय स्वाभिमान से समझौता नहीं करते: संजय सिंह



**चौगाई।** क्षत्रिय कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा बना क्षत्रिय समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। उक्त बातें शनिवार को चौगाई खेल मैदान में जदयू एमएलसी संजय सिंह ने कही। अवसर था महाराणा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का। जिसमें वे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। उन्होंने 28 जनवरी को पटना के मिलर हाई स्कूल में आयोजित महाराणा प्रताप की जयंति समारोह में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने की अपील की और कहा कि उनका जयंति समारोह इस बार ऐतिहासिक होने जा रहा है। जदयू एमएलसी ने कहा कि क्षत्रिय समाज का काम सभी धर्म और समुदाय के लोगों को मिलाकर चलना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू नेता सीताराम सिंह ने व संचालन जदयू नेता हरेंद्र सिंह और रविरंजन राय ने किया। वहीं वरिष्ठ जदयू नेता सह व्यवसायी विनोद राय ने एमएलसी को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री राय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का चहुंमुखी विकास हुआ है तथा सभी जातियों व धर्म के लोगों को समादार मिला है। मौके पर जदयू नेता सेतु सिंह, महाराणा प्रताप फाउंडेशन के संरक्षक राजीव कुमार सिंह मुखिया, डब्लू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बड़कू सिंह आदि मौजूद थे।

### छात्रों पर हुआ लाठीचार्ज सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा: दीपक यादव

**डुमरांव।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में छात्रों पर हुए लाठी चार्ज के खिलाफ खेद प्रकट करते हुए युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने कहा कि सीनेट की बैठक के दौरान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी परिषद के युवाओं पर आरा पुलिस द्वारा किया गया कातिलाना हमला अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है। बिहार की महागठबंधन सरकार शिक्षा की अपनी नाकामी को छिपाने का प्रयास छात्रों पर लाठियां चलवाकर कर रही है। आने वाले दिनों में बिहार के युवाओ पर पड़ा एक-एक लाठी का जवाब महागठबंधन सरकार के लिए ताबूत में आखिरी कील साबित होगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत, दो लोग जख्मी

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी के आरा-मोहनिया हाईवे स्थित टिकपोखर गांव के पास शनिवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक किशोरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही एक किशोर एवं किशोरी गंभीररुप से जख्मी हो गए। दोनों जख्मी को ग्रामीणों ने महादेवगंज के एक निजी क्लीनिक में इलाज के लिए ले गए। घटना शनिवार की शाम चार बजे की है। मृतक किशोरी की पहचान टिकपोखार गांव निवासी गुड्डू यादव की दस वर्षीय पुत्री पायल कुमारी है। वही जख्मी किशोर रवि कुमार एवं दूसरी किशोरी सत्येंद्र यादव की पुत्री निशु कुमारी बताया जाता है। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर लिए बक्सर भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक किशोरी उसका भाई तथा चचेरी बहन अपने परिजनों के साथ हाइवे के उस पार आहर किनारे खेत पर गए हुए थे। खेत से घर लौटने के दौरान टिकपोखर गांव के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी मलियाबाग से आरा की तरफ से तीव्र गति से जा रही अज्ञात वाहन के तीनों चपेट में आ गई। जिससे पायल कुमारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही मृतिका के भाई एवं चचेरी बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे पर उतर गए। सड़क पर उतरने के चंद पल पुलिस ने पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को हटवा दिया।

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस, आर्मी व युवा नेता लिखे बाइक का डुमरांव एसडीपीओ ने काटा चालान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर एसपी के निर्देश पर डुमरांव पुलिस ने एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग 120 स्थित मुख्य सड़क के त्रिमुहानी विष्णु मंदिर, टेढ़की पुल सहित अन्य सड़को पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एसडीपीओ ने कई बाइको पर पुलिस, आर्मी व युवा नेता लिखे वाहनों को रुकवाया और उनसे इस संबंध में पूछताछ की और उनसे चालान काट जुर्माना वसूला गया। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

इस दौरान करीब 50 से अधिक वाहनों को जब्त कर थाने को सौंपा। एसडीपीओ ने बताया कि विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की रोकथाम को लेकर यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। पुलिस यातायात नियमो के तहत वाहनों का परिचालन करने की हिदायत दे रही है। चेकिंग के दौरान अपराधी, शराब तस्कर, फरार वारंटियों पर पुलिस की विशेष नजर है। इसके अलावे



वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के अलावे ट्रिपल लोडिंग पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस ने बताया कि पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान प्रतिदिन चलेगा। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पकड़े गये वाहनों को नियमानुसार जुर्माना लेकर छोड़ा जायेगा। समाचार लिखे जाने तक 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है।






## क्रिसमस के आगाज पर मेथोडिस्ट हॉस्पिटल प्रतापसागर में प्रभु यीशु मसीह पर आधारित नाटक का मंचन

# हर किसी मानवता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए: डॉ. सिंह

**केटी न्यूज/डुमरांव**

क्रिसमस डे के आगाज पर एनएच 922 फोरलेन से सटे प्रतापसागर स्थित मेथोडिस्ट हॉस्पिटल में शुक्रवार की शाम प्रभु यीशु मसीह पर आधारित नाटक-मंचन को देख लोग भाव-विभोर हो गये। कार्यक्रम में गीत-संगीत का समा बंधा रहा।कार्यक्रम को मेथोडिस्ट हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ आर के सिंह के साथ सिविल सर्जन सुरेश सिन्हा, डीपीओ हरीश कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर आगत अतिथियों को क्रिसमस डे पर बधाई देते हुए डॉ आर के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभु यीशु ने समाज में प्रेम-भाईचारे के साथ शांति का संदेश दिया है। हर मानव को मानवता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।



प्रभु यीशु ने मानव समाज को अच्छे जीवन जीने का रास्ता बताया। प्रेम और सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस वैश्विक शांति व सद्भाव का पर्व है। प्रभु यीशु के जीवनगाथा पर चर्चा करते हुए कहा कि रोम के शासनकाल में अत्याचार बढा तो प्रभु ने अपने बच्चे जीसस को धरती पर देवदूत के रूप में भेजा। वह देवदूत अत्याचारी शासक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा प्रार्थना सभा के बाद अतिथियों को बुके व पुष्प देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गीत-संगीत में श्रोता डुबकी लगाते रहे। कार्यक्रम में नेहा ने स्वागत गान गाया जबकि डांस में कलाकारी पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई। कलाकरों ने गीत-संगीत में अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति कर खूब वाहवाही लूटी। कलाकारों की प्रतिभा को दर्शकों ने बखूबी सराहा।



प्रभु यीशु के नाटक मंचन में कई दौर ऐसे आये जिसे देख कर लोग अचंभित हुए। यीशु के जन्म होते हुए आकाश में चमकते तारे को देखने के लिए लोग खड़े हो गये। चरवाहे झूमने-नाचने लगे। कार्यक्रम के डायरेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि मैरी व जोसेफ बेथलेहम की ओर जा रहे थे। रास्ते मे काफी भीड़-भाड़ थी। काफी मुश्किलों का बीच उस रात वे एक तबेले में रात गुजारी, जहां जीसस का जन्म हुआ और एक खूबसूरत तारा दिखाई दिया। मरियम के रूप में डॉ दीपक, महाराजा की भूमिका में रौशन, ज्योतिष की भूमिका में अन्नू दीप की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में एसडीएम कुमार पंकज, निर्मला सिंह उर्फ काकी जी, डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार, डॉ आलोक, डॉ प्रियंका, डॉ अभिषेक, कतवारू सिंह, रो प्रदीप जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।




केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

बलिया/मऊ/गाजीपुर/चंदौली

बक्सर, 24 दिसंबर 2023

website:keshavtimes.com

e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# मऊ में एग्रो क्लाइमेटिक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन

♦ स्व0 चौधरी चरण सिंह पूर्व पीएम के जन्म दिवस के अवसर पर हुआ किसान सम्मान

**केटी न्यूज/मऊ**

सन मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत किसान मेला एवं प्रदर्शनी स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस एवं कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान मेला प्रदर्शनी आयोजित हुई। तीसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामविलास चौहान विधायक मधुबन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही स्व चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर रामविलास चौहान विधायक, नूपुर अग्रवाल जिलाध्यक्ष भाजपा, प्रशांत नागर मुख्य विकास अधिकारी, राकेश सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष, सत्येंद्र सिंह अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा, सतेंद्र सिंह चौहान उपकृषि निदेशक, सोमनाथ गुप्ता जिला कृषि अधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोगों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर स्वागत व नमन किया गया, तथा



किसान मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। किसानों का और आगे आने के लिए प्रेरित किया गया।

## किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंह

**चंदौली।** अलीनगर स्थित कैंप कार्यालय पर समाजवादी शिक्षक सभा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती इनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब किसानों के मसीहा थे। जयंती के अवसर पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव हरदेव कुशवाहा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश का विकास गांव, गरीब ,खेत, खलिहानों से होकर गुजरता है। इन्होंने अपने जीवन काल में किसानों के साथ-साथ समाज व देश के हित में ऐतिहासिक काम किया। जिलाध्यक्ष बैजनाथ यादव ने कहा कि किसानों के मसीहा के रूप में इन्होंने अपनी पहचान बनाई और जमींदारी प्रथा समाप्त कर गांव के एक-एक किसानों को खेत का मलिकाना हक दिलाने का काम किया। वह जीवन भर किसानों के हक के लिए आवाज उठाते रहे। इस मौके पर विशाल पटेल, श्रद्धा सिंह,अंजुम परवीन, जेपी राम ,विपिन श्रीवास्तव,सुरेश यादव, इंद्रजीत शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### पंखे से लटकता मिला महिला का शव

**मऊ।** कोपागंज नगर के मोहल्ला वाजिदपुरा में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विवाहिता के पिता ने पति सहित अन्य ससुराल पक्ष के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना तथा हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नीबा जिला आंबेडकर नगर निवासी पीर मुहम्मद ने थाने में दहेज उत्पीड़न एवं हत्या की तहरीर दिया। बताया है कि उसकी पुत्री की शादी मार्च 2021 में कोपागंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला वाजिदपुरा में हुई थी। शादी के बाद से कम दहेज को लेकर पति व परिवार के अन्य लोग उसे मारते- पीटते थे। विवाहिता के पिता ने हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पति सहित छह के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**चितबड़ागांव।** रेलवे स्टेशन के पास शनिवार की सुबह अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त अरविंद कुमार सिंह उम्र 22 पुत्र विजेन्द्र सिंह के रूप में की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया। उधर मौत की सूचना गांव में पहुंचते ही परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नवकापुरा निवासी अरविंद कुमार सिंह उम्र 22 पुत्र विजेन्द्र सिंह घर से शनिवार की सुबह कहीं जाने के लिए निकले थे। इसबीच चितबड़ागांव रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट आने से मौत हो गई।

### वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**गड़वार।** थाना क्षेत्र के चोगड़ा चट्टी पर शनिवार की सुबह टहलते समय अज्ञात वाहन के धक्के से एक अधेड़ की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। परिजनों का रोते—रोते बुरा हाल है। कुकुरहा गांव निवासी रामलखन सुबह टहल रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें घायलावस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जमीनी विवाद मारपीट, छह घायल

**फेफना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमदुमा गांव में जमीनी विवाद को लेकर शनिवार की सुबह दो पक्षों में हुई मारपीट में दो पक्षों से तीन महिला समेत छह लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज चल रहा है। घायलों का नाम एक पक्ष से मंजू देवी, सरोज देवी व राधेश्याम यादव, वीरेंद्र यादव है। जबकि दूसरे पक्ष से कमलेश यादव, कृष्णा व रेनू देवी शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चला आ रहा है। शनिवार की सुबह दोनों पक्षों में मारपीट हो गया।

## हरियाणा से तस्करी करके बिहार ले जाई जा रही थी शराब की बड़ी खेप

# नए साल के जश्न पर फिरा पानी, 40 लाख की शराब के साथ चार गिरफ्तार

♦ तस्करी का तरीका देख उड़ जाएंगे होश

**केटी न्यूज/चंदौली**

नये साल के जश्न को शराब के शुरूर के साथ मनाने की तैयारी कर रहे शराब तस्करों की सारी जुगत पर फेल होती नजर आ रही है। चंदौली पुलिस ने एक बार फिर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। हरियाणा से तस्करी करके बिहार ले जाई जा रही शराब की बड़ी खेप को पुलिस ने बरामद किया कया है। पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिये इस बार तस्करों ने कंटेनर में सेकेंड स्पेस के साथ लग्जरी कार का भी इस्तेमाल किया था। लेकिन, अपराधियों से एक कदम आगे बढ़कर पुलिस ने तस्करी कर रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। विदित हो कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थो की तस्करी पर प्रभावी लगाम लगाने को लेकर एसपी चन्दौली डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सदर कोतवाली निरीक्षक



गगन राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिला अस्पताल के समीप चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी क्रम में एक नेक्सान कार व ट्रक कन्टेनर पकड़ा गया। जिसे थाने लाया गया।

तलाशी के दौरान नेक्सन गाड़ी की डिग्गी से शराब बरामद हुई लेकिन कन्टेनर को खाली बताते हुए तस्कर गुमराह करने लगे, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर सेकेंड स्पेस का मामला सामने आया, जिसमें कन्टेनर के आधे हिस्से को बैरिकेट करते हुए आगे केबिन से रास्ता बना दिया. जबकि पीछे का हिस्सा छोड़ दिया. जब पुलिस केबिन के रास्ते अगले द्वार तक पहुंची तो उसके होश उड़ गए और शराब का जखीरा बरामद हुआ। इस बाबत एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह ने बताया कि 1900 लीटर शराब के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। शराब की खेप हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी। जिसका उपयोग नए साल के जश्न में होना था। लेकिन, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम व आईपीसी एक्ट 419/ 420/ 467/ 468/ 471 के तहत पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 30 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, कुंहासे का फायदा उठा भागे तस्कर

**केटी न्यूज/चितबड़ागांव**

थाने की पुलिस ने शनिवार की सुबह में भारत गैस एजेन्सी मानपुर गांव के पास से एक स्कार्पियो से भिन्न–भिन्न ब्रांड के कुल 30 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। जबकि चालक व तस्कर भागने में सफल रहे। शराब की कीमत लगभग एक लाख 72 हजार रूपए बताई जा रही है। बता दें कि पुलिस भारत गैस एजेन्सी मानपुर गांव के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर खास आकर बताया कि साहब एक स्कार्पियो से कुछ व्यक्ति अवैध शराब लेकर करीमुद्दीनपुर की तरफ से आ रहे है। जो नरहीं तिराहे के रास्ते भरौली होकर बक्सर जाने की फिराक में हैं। यदि सघनता से चेकिंग किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम सघनता से चेकिंग करने लगे कि कुछ समय बाद एक गाड़ी नरहीं मोड की तरफ



से आती दिखाई दी। जिसे हमराही कर्मचारीगणों की मदद से रोकने का प्रयास किया गया। स्कार्पियो चालक वाहन को मोड़कर भागने का प्रयास किया, जिससे स्कार्पियो सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गयी तथा क्षतिग्रस्त हो गयी तथा चालक व अन्य तस्कर कुहासा का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने इस संबंध में बताया कि फरार हुये तस्करों की खोज लिए अभियान चलाया जायेगा। वाहन के मालिक की खोज की जा रही है।

## सरकार किसानों के विकास के लिए चला रही है विभिन्न योजनाएं: सपना



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

कृषि विज्ञान केंद्र पीजी कॉलेज गाजीपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह की अध्यक्षता में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र पीजी कॉलेज व कृषि विज्ञान केंद्र आकुशपुर के वैज्ञानिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे उनका विकास हो। आप सभी इन योजनाओं का लाभ लें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों को योजना में शामिल करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यक्रम हो रहा है। आप अपने गांव में विभिन्न योजनाओं से जुड़ने का कार्य करें।

## जिले में संचालित सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो : जिलाधिकारी

♦ विभिन्न परियोजनाओं के अवशेष निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण हो

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में 50 लाख रुपए तथा उससे अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में विभिन्न परियोजनाओं से जुड़ी कार्यदाई संस्थाओं पैकफेड,सिडको, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, यूपीपीसीएल, सी एंड डीएस, सिंचाई विभाग,लोक निर्माण विभाग सहित अन्य कार्यदाई संस्थाओं द्वारा निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान अधिशासी अभियंता पैकफेड ने बताया कि कुछ परियोजनाओं में धनाभाव के बावजूद निर्माण कार्य प्रगति पर है।



धन आवंटन के उपरांत यथाशीघ्र सभी परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे।

यूपी सिडको द्वारा जनपद में निमार्णाधीन तीन परियोजनाओं, ग्राम विकास संस्थान दोहरीघाट रिनोवेशन कार्य, थाना रामपुर में अनावासीय भवन एवं थाना रामपुर में आवासीय भवन का निर्माण कार्य शामिल है। थाना रामपुर में अनवासीय भवन निर्माण कार्य अभी आधा पूर्ण होने पर डीएम ने निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा ग्राम मझवारा में सीएचसी का अभी तक हैंडओवर की करवाई ना होने पर जिलाधिकारी ने इस माह के अंत तक सारे कार्य शीघ्र पूर्ण करते हुए हैंड ओवर की कार्रवाई पूर्ण करने को कहा।

## कार्यक्रम के दौरान श्रीअन्न में मौजूद लाभदायक पोषक तत्वों के बारे में दी गई जानकारी

# श्रीअन्न में पोषक तत्वों के साथ होता है फाइबर व खनिज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कृषि विज्ञान केंद्र पीजी कालेज गाजीपुर में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्वार योजनान्तर्गत मिलेट्स रेसेपी विकास एवं उपभोक्ता कार्यक्रम अन्तर्गत स्कूली बच्चों व महिलाओं को जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र पीजी कालेज गाजीपुर के वैज्ञानिक डा. विनोद कुमार सिंह, डा. डीके सिंह, डा. रागिनी दुवे, डा. ओमकार सिंह एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा स्कूली बच्चों व महिलाओं को श्रीअन्न को भोज्य पदार्थ में कैसे शामिल किया जाए



तथा श्रीअन्न में मौजूद लाभदायक पोषकतत्वों के बारे में अवगत कराया गया है। अभिहित अधिकारी ने बताया कि श्रीअन्न में पोषकतत्वों के साथ फाइबर व खनिज मात्र अन्य खाद्यान के तुलना में अधिक पाया जाता है। इससे पाचन क्रिया दुरूस्त रहती है और शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिलता है। आज समय की आवश्यकता है कि इसको अनिवार्य रूप से शादी व अन्य समारोह का हिस्सा बनाया जाए। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सरकार द्वारा सीड मनी के रूप में चार लाख रुपये देय रही है। इसके साथ ही किसी भी इन्डस्ट्री की स्थापना के लिए 50 प्रतिशत का अनुदान उपलब्ध करा रही है। इसी तरह से मिनीकिट के रूप में ज्वार, सांवा, कोदो, रागी, बाजरा का बीज वितरण किया गया। जिसको कृषकों ने बड़े उत्साह के साथ स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि जनपद में बाजरे के खरीद के लिए क्रय केंद्र खोला गया है। जिस पर 2500 रुपये प्रति कुं० की दर से कृषक बेच सकते हैं। जनपद में 18000 हेक्टेयर में बाजरा की खेती की जाती है। इसको स्कूली बच्चों व गर्भवती महिलाओं को भोजन के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। स्कूली बच्चों के बीच श्रीअन्न पर आलेख लिखवाए गए। बच्चों की जानकारी अपेक्षाकृत ज्यादा अव्वल थी। बच्चों में श्रीअन्न से बनने वाले उत्पादों पर प्रतियोगिता कराई गई है। इस प्रतियोगिता में मिफरा परवीन, कम्पोजिट विद्यालय गोराबाजार प्रथम स्थान पर रही।

## एक नजर

### संकल्प यात्रा से योजनाओं की दी गई जानकारी

**मऊ।** घोसी तहसील क्षेत्र के विकासखंड घोसी के तराईडीह से होकर दौलतपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा।कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुई। मुख्य अतिथि सुनील गुप्ता ने लोगों को राष्ट्रहित में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। एडियो पंचायत राजेश तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की योजनाओं से होने वाले लाभ के बारे में बताया तो वहीं ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के स्टालों पर जानकारी प्राप्त करते देखे गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुनील गुप्ता क्षेत्रीय महामंत्री गोरखपुर क्षेत्र, राजेश तिवारी एडियो पंचायत घोसी, निहारिका पांण्डेय ग्राम प्रधान तराईडीह, रवि कुमार ग्राम प्रधान दौलतपुर आदि उपस्थित रहे।

### निमार्णाधीन मंदिर का ताला तोड़कर चोरी

**अलीनगर (चंदौली)।** थाना क्षेत्र के बाईपास स्थित गुन्नी राम पांडेय पोखरा भगवती माता के निमार्णाधीन मंदिर का शुक्रवार की रात ताला तोड़कर चोरों ने सामान चोरी कर लिया। रेमा गांव निवासी एक युवक पर ताला तोड़कर पटरा, बल्ली और अन्य सामान चोरी करने का आरोप है। मंदिर के व्यवस्थापक विनोद कुमार पांडेय ने चोरी की तहरीर अलीनगर थाने में दी। आरोप है कि मंदिर परिसर में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जो शराब पीकर आए दिन विवाद भी करते हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध विद्युत कनेक्शन के विरुद्ध चला अभियान

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश की राजस्व संहिता की धारा 24 एवं 67 के तहत पारित आदेशों के अनुपालन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दिन दौरान आज कुल 33 आदेशों का मौके पर अनुपालन कराया गया। इसके अलावा आईजीआरएस के तहत प्राप्त पैमाइश के कुल 16 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। धारा 24 के तहत पारित आदेश के अनुपालन हेतु आज 15 एवं धारा 67 के तहत पारित आदेशो के अनुपालन हेतु कुल 18 टीमों को भेजा गया। इस प्रकार धारा 24 के तहत कुल चिन्हित लंबित प्रकरण 429 के सापेक्ष 3 दिसंबर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अब तक 264 तथा धारा 67 के तहत चिन्हित लंबित 385 प्रकरणों के सापेक्ष अब तक 145 आदेशों का मौके पर अनुपालन सुनिश्चित किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 409 आदेशों का मौके पर अनुपालन सुनिश्चित किया जा चुका है। इसी प्रकार आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त पैमाइश के प्रकरणों की कार्रवाई हेतु चिन्हित कुल लंबित 163 प्रकरण के सापेक्ष अब तक 144 प्रकरणों में मौके पर अनुपालन सुनिश्चित किया जा चुका है। जिलाधिकारी के निर्देश पर ही अवैध विद्युत कनेक्शन के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान आज कुल 145 कनेक्शन की चेकिंग के दौरान 14 कनेक्शन अवैध पाए गए तथा 4.73 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया।

### रेलवे यातायात का प्रमुख साधन: रमेश

**पीडीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पीएसबी हाल में डीडीयू स्टेशन के 161 वर्ष पूरा होने पर पहली बार स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जो उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि रेलवे यातायात का प्रमुख साधन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 हजार करोड़ की लागत से डीएफसीसी का निर्माण किया गया है। कहा कि डीडीयू स्टेशन के पुर्नविकास की रूप रेखा बनाया जा चुका है। जल्द ही यहां वर्ल्ड क्लास की सुविधाएं यात्रियों को मिलेगा। अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार ने बताया कि 1862 में मुगलसराय रेलवे स्टेशन की स्थापना की गई थी। वर्ष 2018 में इसका नाम बदल कर पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन किया गया। इस मौके पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक दीपक कुमार, स्टेशन निदेशक व डीओएम धीरज कुमार, डीइएन हेड क्वार्टर पुरुषोत्तम तिवारी, स्टेशन अधीक्षक आरके सिंह, सीएसजी एनके मिश्र, अमरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी ने किया।

### नकली सामग्री बेचने वालों के विरूद्ध चला अभियान

**गाजीपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के आम जनमानस को क्रिसमस पर्व के अवसर पर शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छापामार कर निरीक्षण करते हुए तीन केक का नमूना संग्रह किया गया। स्नेहा बेकर्स सैदपुर अरविन्द जायसवाल की विनिर्माण इकाई से केक का दो नमूना संग्रह किया गया। श्रीविनायक बेकर्स जखनियां गाजीपुर पवन कुमार की विनिर्माण इकाई से केक का एक नमूना संग्रह किया गया। संग्रहित नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक उत्तर प्रदेश लखनऊ प्रेषित किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एवं समला प्रसाद यादव, गोपाल चंद, गुलाबचंद गुप्त एवं विरेन्द्र यादव द्वारा नमूना संग्रह किया गया।

### चिकित्साधिकारी के पद पर डॉ देवेंद्र चयनित

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश लोकसभा आयोग ने जनपद के शहाबगंज विकास खंड के बराव गांव निवासी डॉ देवेंद्र पांडेय का चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। चयन होने के बाद से ग्रामीणों ने खुशी जताई। कहा कि आज भी गांव में प्रतिभाएं हुई है और बस उन्हें निखारने की जरूरत है। बताते हैं कि शहाबगंज विकासखंड के ग्राम गांव निवासी डॉक्टर देवेंद्र पांडेय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा अपना लोहा मनवाया है। देवेंद्र परीक्षा परिणाम में 52 वां रैंक आने से चिकित्साधिकारी के पद पर चयन हुआ। उन्होंने इसका पूरा श्रेय अपने माता-पिता व गुरु के साथ परिवार के सभी छोटे बड़ों सदस्यों को दिया है। परिश्रम कवि बेकार नहीं होता है।मन और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने वाले बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेना चाहिए। ऐसा करने से वह कभी असफल नहीं होंगे। वे वर्तमान में डॉक्टर देवेंद्र राजकीय आयुष कॉलेज पीलीभीत में एमडी कर रहे हैं। इससे पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है।

दाँत का अस्पताल

शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक

AN ISO certified Clinic 9001 : 2015

पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव

मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286

E mail id - kundan95702@gmail.com

दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी



डा. हिमांशु पाण्डेय

सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक

शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक